लोक सभा अध्यक्ष ने बुद्ध पूर्णिमा की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी

नई दिल्ली, 3 मई, 2015 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने बुद्ध पूर्णिमा की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने सन्देश में, श्रीमती महाजन ने कहा है:

" मैं बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ। सभी धर्मों के लोगों में सद्भाव और सभी मतावलम्बियों का आदर करने का सन्देश देने वाली भगवान बुद्ध की शिक्षाएं इस युग में भी प्रासंगिक हैं। वैशाख अथवा बुद्ध पूर्णिमा बौद्ध धर्म के सभी अनुयायियों के लिए विशेष पर्व है जो कम भाग्यशाली, दुखी और उपेक्षित लोगों की सहायता करने और उनके जीवन में खुशहाली लाने के लिए विशेष प्रयत्न करते हैं। इस वर्ष बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर, आइए हम नेपाल और अपने देश में भूकम्प से प्रभावित लोगों की भलाई के लिए प्रार्थना करें जिन्हें इस प्राकृतिक आपदा में अपार क्षति पहुंची है।